तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

12 चार स्टेशनों पर आधी रात से सुबह 6 बजे तक मिलेगी सीएनजी...

12 नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक...




**सोनीपत के साथ ही दिल्ली व आसपास के जिलों से भी पहुंचे अभ्यर्थी, सुबह सात बजे से जुटनी शुरू हो गई थी भीड़**

# एचटेट बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन में अफरा तफरी, भूखे-प्यासे कतारों में खड़े रहे अभ्यर्थी

मुरथल अड्डा स्थित स्कूल में हजारों की भीड़, पांच काउंटरों पर घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) देने वाले अभ्यर्थियों को सोमवार को बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के लिए भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए वेरिफिकेशन केंद्र पर सुबह से ही हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोनीपत के साथ दिल्ली और आसपास के जिलों से आए अभ्यर्थी सुबह सात बजे से ही लाइन में लग गए थे। एचटेट देने वाले अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक टेस्ट के लिए स्कूल में दो कमरों में पांच काउंटर बनाए गए थे।। प्रत्येक कांउटर पर एक आपरेटर को लगाया हुआ है। वेरिफिकेशन कराने के लिए केंद्र पर सुबह ही अभ्यर्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वेरिफकेशन कराने के लिए हजारों अभ्यर्थी लाइन में लगे रहे। कई घंटे तक नंबर नहीं आने पर कुछ अभ्यर्थी भड़क गए और लाइन तोड़कर दूसरी तरफ से जाने का प्रयास करने लगे, ऐसे में उनकी गेट पर तैनात शिक्षकों व बोर्ड के अधिकारियों के साथ कहासुनी भी हुई।

**भूखे-प्यासे अभ्यर्थी बोले, व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए थी:** दिल्ली से पहुंची अभ्यर्थी नेहा सोलंकी ने बताया कि वह सुबह सात बजे से लाइन में लगी हैं, लेकिन दोपहर 12 बजे तक भी नंबर नहीं आया। गोहाना निवासी रेनू और सोनीपत की सुषमा ने कहा कि अगर स्कूल में अलग-अलग जगह काउंटर लगाए जाते, तो भीड़ और धक्का-मुक्की से बचा जा सकता था। अभ्यर्थियों का कहना था कि काउंटरों की


सोनीपत। वेरिफिकेशन के दौरान अभ्यर्थी।

### बारिश बनी नई चुनौती

भारी भीड़ के बीच इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए दोपहर की हल्की बारिश नई मुसीबत बन गई। पहले भारी भीड़ के बीच लंबी कतार में लगते हुए धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा, वहीं दोपहर को हुई हल्की वर्षा ने भी उनकी परीक्षा दी। काफी अभ्यर्थी तो वर्षा में ही लाइनों में लगे रहे तो काफी भीगने से बचने के लिए दौड़ते हुए बरामदे में पहुंचे। ऐसे में उन्हें लाइन में यथा स्थिति लगने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

### स्कूल प्रबंधन ने की छुट्टी, फिर भी रही अव्यवस्था

स्कूल प्राचार्य सुमन बाला ने बताया कि व्यवस्था बनाने के लिए स्कूल की छुट्टी कर दी गई थी और सभी शिक्षकों की ड्यूटी व्यवस्था संभालने में लगाई हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका पूरा प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ अप्रत्याशित रूप से ज्यादा रही।

## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ निगलने से बिगड़ी महिला की हालत

**सोनीपत।** जिले के आदमपुर गांव में एक महिला की हालत जहरीला पदार्थ निगलने से अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उसे तुरंत जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए बीपीएस खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। खानपुर में इलाज के दौरान उसकी स्थिति में सुधार हुआ और उपचार पूरा होने के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात गीता नाम की महिला ने अज्ञात परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान राहुल उर्फ पिटर निवासी गांव गुम्मड़, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। आरोपित के पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई, जिसके बारे में वह कोई लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। क्राइम यूनिट वेस्ट में नियुक्त उप निरीक्षक आजाद अपनी टीम के साथ 24 अगस्त को जाहरी चौक पर गश्त कर रहे थे।

### हथियार से हमला करने का आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने नहरी पानी को लेकर हुए विवाद में किसान पर तेजधार हथियार (कस्सी) से हमला करने की घटना में आरोपित गांव छपरा के सतपाल को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गांव छपरा के राहुल ने 20 अगस्त को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह खेत में नहरी पानी से सिंचाई करने गया था। उसने निर्धारित समय पर खाल से पानी देना शुरू किया तो उसके गांव के सतपाल ने विरोध करना शुरू कर दिया। उसे खाल से पानी नहीं देने दिया और गाली देने लगा। वह घर जाने लगा तो रास्ते में उसके सिर में कस्सी मारी, जिससे वह गिर गया था।

**छत से टपकते पानी से मशीनों में करंट, मरीजों को लौटना पड़ा खाली हाथ**


# नागरिक अस्पताल की फिजियोथेरेपी ओपीडी खतरनाक हालात में पहुंची

हादसे के भय से चिकित्सकों ने ओपीडी को बंद करना ही उचित समझा

*अस्पताल प्रबंधन की तरफ से जल्द समस्या को दूर करने का दिया जा रहा आश्वासन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल की फिजियोथेरेपी ओपीडी इन दिनों मरीजों और चिकित्सकों दोनों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सोमवार को हालात इतने बिगड़ गए कि यहां उपचार के लिए आए मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा। जिसका कारण छत से लगातार टपकता पानी, जिससे महंगे चिकित्सा उपकरणों में करंट आ गया। करंट के भय से चिकित्सकों ने ओपीडी को बंद करना ही उचित समझा। ओपीडी में तैनात चिकित्सक की तरफ से अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया गया। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी में लंबे समय से छत से पानी रिस रहा है। कर्मचारियों ने अस्थायी समाधान के तौर पर मशीनों को बचाने के लिए बेड के पास और उपकरणों के नीचे बाल्टियां रख दीं, ताकि पानी उनमें जमा हो सके। इसके बावजूद टपकते पानी से कई जगह फर्श गीला हो गया और उपकरणों में करंट की समस्या सामने आ गई। हालात इस कदर बिगड़े कि मरीजों पर उपकरण लगाने का साहस कोई नहीं कर सका। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फिजियोथेरेपी के जिन उपकरणों से मरीजों का इलाज होना चाहिए, उन्हें छूने तक में कर्मचारियों को डर लगने लगा। करंट के खतरे को देखते हुए चिकित्सकों ने उपकरणों का उपयोग बंद कर दिया और ओपीडी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। अस्पताल में पहुंचे मरीजों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। महीनों से पानी रिसने और सीलिंग टूटने की शिकायत अस्पताल प्रशासन को दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। छत की सीलिंग कई जगह से टूटकर नीचे गिर चुकी है, जो किसी भी समय बड़ा हादसा करा सकती है। सोमवार को दर्जन भर मरीज इलाज के लिए ओपीडी पहुंचे थे, लेकिन उन्हें बिना इलाज लौटना पड़ा। मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर सरकारी अस्पतालों में ही ऐसी स्थिति रहेगी तो मजबूरी में उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ेगा, जहां खर्च कई गुना ज्यादा होता है। वहीं अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि वे करंट के डर से अपनी और मरीजों की जान जोखिम में नहीं डाल सकते। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।


सोनीपत। ओपीडी में रखी बाल्टी व करंट आई मशीन, टपक रहे पानी को इकट्ठा करने के लिए बेड पर रखी बाल्टी।





### समस्या की सूचना विभाग को कई बार दे चुके

कई दिनों से बारिश रूक-रुककर हो रही है। समस्या की सूचना संबंधित विभाग को कई बार भेजी जा चुकी है। जल्द ही छत की मरम्मत और पानी की टपकन रोकने के लिए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है। जल्द से जल्द समस्या का हल करवा दिया जायेगा।

-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

**अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 33 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी दस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 33 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि से 25 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है।

उत्तर प्रदेश हाल में शहर गोहाना निवासी एक व्यक्ति ने गत 4 जून 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को उसका बेटा कंप्यूटर सेंटर पर छोड़ने के लिए गया था। देर शाम को वापस लेने पहुंचा तो उसकी बेटी नहीं मिली। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लड़की को बरामद कर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पीड़िता ने अदालत में बताया कि आरोपित ने उसे डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी। वहीं पुलिस टीम ने आरोपित को काबू कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की थी। सोमवार को मामले में सुनवाई करते हुए फास्ट कोर्ट एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित सतीश को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी पर 4 पॉक्सो एक्ट में दस साल कैद की सजा व 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### दवा लेने निकले शख्स की सड़क हादसे में मौत

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह अपने पिता के लिए दवा लाने निकला था। बाइक फिसलकर पोल से टकरा गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और उसने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे उन्हें हादसे की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचे तो गंभीर हालत में शंकर को पाया गया। जांच करने पर मृतक की पहचान कबीरपुर निवासी शंकर (44) के रूप में हुई।

# बस सेवा में देरी पर महाप्रबंधक ने चालक को किया सस्पेंड

- खरखौदा बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों को बस सेवा उपलब्ध न होने पर उनकी तरफ शिकायत की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

बस स्टैंड खरखौदा से दिल्ली के लिए सुबह 6.30 बजे जाने वाली बस सेवा में लापरवाही से देरी करने पर महाप्रबंधक ने चालक को निलंबित कर दिया। इससे पहले बीते सप्ताह बसों के संचालन में लापरवाही बरतने पर दो चालकों व दो परिचालकों को भी सस्पेंड किया जा चुका है। खरखौदा बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों को बस सेवा उपलब्ध न होने पर उनकी तरफ शिकायत की गई थी, जिसका संज्ञान लेते हुए महाप्रबंधक द्वारा चालक को सस्पेंड किया गया है।

खरखौदा से दिल्ली के लिए हाल समय में छह बसों की सेवाओं को शुरू किया गया है, जिसमें सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे एक बस दिल्ली जानी थी, लेकिन जब साढ़े छह बजे बस नहीं गई तो बस स्टैंड पर पहुंची सवारियों ने परेशानी झेलते हुए मामले की शिकायत हरियाणा रोडवेज के मुख्य प्रबंधक को कर दी। मामले में संज्ञान लेते हुए उनकी तरफ से उक्त बस के चालक नरेंद्र को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। अब उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित होने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं इससे पहले भी बीते सप्ताह खरखौदा से ही बसों को संचालन न किए जाने पर दो चालकों व दो परिचालकों को सस्पेंड किया गया था। डीआई कर्मबीर गहलावत का कहना है कि मुख्य प्रबंधक के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। खरखौदा बस स्टैंड पर अब बसों के समय पर संचालन के लिए समय सारणी को भी चस्पा किया गया है, ताकि समय पर बसों का संचालन किया जा सके, अगर इसमें किसी के द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गली के बीचों-बीच बनी पुलिया बनी मुसीबत

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या 12 में ब्राह्मण दरवाजे के पास मुख्य गली के बीच बनी पुलिया लोगों के लिए जी का जंजाल साबित हो रही है। लंबे समय से इस पुलिया को बंद करके सीधा नाला निकलवाने की मांग उठती रही है। सोनीपत जिला में उपायुक्त रहते हुए राजीव रतन ने मौका देखा था और गली के बीच बनी पुलिया को हटाने व सीधा नाला बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बावजूद न तो नाला सीधा निकाला गया और न ही गली के बीच बनी पुलिया को हटाया गया। जबकि स्थानीय निवासी इस संबंध में अधिकारियों को शिकायत देकर समस्या का स्थाई समाधान चाह रहे हैं।

# नवनिर्माण के लिए उखाड़ी मुख्य सड़क अधूरी छोड़ी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- 20 दिन पहले उखाड़ी थी गांव की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। ग्राम पंचायत व पीडब्ल्यूडी के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण।

बेगा गांव से गुजरने वाली मुख्य सड़क पिछले करीब 20 दिनों से उखड़ी पड़ी है। यह सड़क गन्नौर शहर व आसपास के कई गांवों से जोड़ती है और हजारों लोगों की दैनिक आवाजाही का प्रमुख साधन है। इसके सड़क उखड़े के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जहां-जहां सड़क टूटी हुई है, वहां बरसात के बाद कीचड़ जमा हो गया है और हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम पंचायत व पीडब्ल्यूडी के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी भी की। सोमबीर शास्त्री, पूर्व पंचायत सदस्य भूपसिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र, बिजेंद्र प्रजापत, कमल सैनी, सुरेश पाल का कहना है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू तो किया गया था, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। सड़क पर लगे पत्थरों को उखाड़ा दिया और अब न तो मशीनें दिखाई देती हैं और न ही मजदूर। सड़क की यह हालत न केवल पैदल चलने वालों के लिए मुसीबत बन गई है, बल्कि वाहन चालकों को भी रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# 6.908 किलो चरस सहित आरोपित काबू

- आरोपित पुलिस ने अदालत में किया पेश, छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले की क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर मुरथल फ्लाईओवर के नीचे से एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चरस की वाणिज्य मात्रा बरामद की। पकड़े गए आरोपित की पहचान भगवान सिंह निवासी गांव जोगाबसा, जिला चम्पावत (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है। क्राइम यूनिट कुंडली में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक प्रदीप अपनी टीम के साथ जीटी रोड मुरथल फ्लाईओवर के पास गश्त व नशीले पदार्थों की तलाश में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें खुफिया सूचना मिली कि भगवान सिंह नामक युवक चरस बेचने के इरादे से कुराड़ बाईपास, गोहाना मोड़ के पास खड़ा है और गोहाना जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर तेजी से गोहाना की ओर बढ़ने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम भगवान सिंह बताया। तलाशी के दौरान आरोपित के पिट्ठू बैग से एक पॉलीथिन में बत्ती नुमा चरस बरामद हुई। बरामद चरस का वजन इलेक्ट्रॉनिक कांटे से किया गया, जो पन्नी समेत कुल 6 किलो 908 ग्राम निकला। यह मात्रा वाणिज्य श्रेणी में आती है। पुलिस ने बरामदगी को कब्जे में लेकर थाना मुरथल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच कर रही क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने आरोपित भगवान सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।


सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

**मौसम विभाग का कहना, आने वाले दिनों में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा**


# अलसुबह बारिश से मौसम सुहावना, तापमान में आई गिरावट से लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोमवार को अलसुबह हुई बारिश से जिले का मौसम सुहावना हो गया। कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में हल्की बौछारें पड़ीं। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस से राहत मिली। हालांकि सुबह के समय कुछ जगहों पर जलभराव हुआ, लेकिन वाहनों की संख्या कम रहने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ी। दिनभर आसमान में बादलों का आना-जाना लगा रहा और कई बार हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जिले में सुबह 8 बजे तक सबसे अधिक बारिश गन्नौर में 38 एमएम दर्ज की गई है। इसके अलावा गोहाना में 27 एमएम, सोनीपत में 25 एमएम, खानपुर कलां में 24 एमएम तो खरखौदा में 4 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं राई में बारिश का रिकॉर्ड शून्य रहा।

### कृषि वैज्ञानिक का पूर्वानुमानः किसानों को मिली राहत

कृषि विज्ञान केंद्र जगदीशपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि मानसून फिलहाल सक्रिय है और आने वाले दिनों में जिले में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दिन में बादल छाए रहेंगे और तापमान सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। बारिश से खेतों में नमी बनी रहेगी, जिससे धान, बाजरा और सब्जी जैसी फसलों को फायदा होगा। हालांकि उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जिन खेतों में जलभराव हो रहा है, वहां समय रहते पानी की निकासी का प्रबंध करें, ताकि फसलों को नुकसान न पहुंचे।



### *चार दिनों तक तापमान भी रहेगा कम*

*अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। हल्की बूंदाबांदी और बादलों का दौर जारी रहेगा। मौसम में यह बदलाव खरीफ फसलों के लिए अनुकूल माना जा रहा है। बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जहां धूल कम हुई, वहीं लोगों को सुबह-सुबह ताजी ठंडी हवाओं का अहसास हुआ। मौसम में आई यह ठंडक लोगों के चेहरे पर भी ताजगी लेकर आई।*

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
26 अगस्त 2025



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर केयर

ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।

**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

रेसिपी

श्रुति आयंगर

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

### नारियल-गुलाब मोदक



**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:**

गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।


**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्ध्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः
- ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णकाय नमः
- ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः
- ॐ विघ्ननाशकाय नमः, ॐ विनायकाय नमः
- ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः
- ॐ भालचंद्राय नमः, ॐ गजाननाय नमः



## खबर संक्षेप

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोहाना में सोमवार को विश्व उद्यमिता दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगित में स्वीटी को पहला, स्मृति को दूसरा व शुभम को तीसरा स्थान मिला। संस्थान के प्राचार्य अजय खोखर व शिक्षकों ने विजेता एवं उप विजेताओं को सम्मानित किया।

### शहर स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने जिले को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 का शुभारम्भ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरों को स्वच्छ बनाना और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि कूड़े-कचरे के ढेरों को समाप्त किया जा सके। यह अभियान 24 अगस्त से शुरू होकर 7 नवंबर तक कुल 11 सप्ताह तक चलेगा।

### शिव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना की

**खरखौदा।** गांव मौजमनगर के नवनिर्मित शिव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना की गई। ग्रामीणों ने कलश की सामूहिक पूजा अर्चना की। फिर शोभायात्रा के रूप में गांव भर में कलश परिक्रमा कराई गई। धार्मिक अनुष्ठान में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। दहिया खाप प्रधान सुरेंद्र ने बताया कि किसी भी क्षेत्र धार्मिक अनुष्ठान होने से समाज के लोगों की जीवनशैली में अच्छे भाव का संचार होता है।

### वामन अवतार का जलझूलनी डोला 3 सितंबर को निकलेगा

गोहाना। भगवान विष्णु के वामन अवतार का जलझूलनी डोला एवं शोभा यात्रा 3 सितंबर को निकाली जाएगी। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र सुंदर झाकियां होंगी। यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी। जलझूलनी डोला एवं शोभा यात्रा पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ से प्रातः 9:30 बजे प्रारंभ होगी। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए तहसील रोड, पुरानी अनाज मंडी, काठमंडी और रोहतक गेट से होते सायं 5:30 बजे मंदिर में पहुंचेगी।

### ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने के लिए चलाया अभियान

**सोनीपत।** रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने दिल्ली-अंबाला रूट पर सोनीपत क्षेत्र में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी, रेल लाइन पर अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन दोस्ती के तहत जागरूकता अभियान चलाया। आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संगम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

### इंडस्ट्री एरिया में चलाया पौधरोपण अभियान

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से इंडस्ट्री एरिया में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि अभियान के तहत फलदार और छायादार कुल 10 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। धरती का तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और इसे सामान्य करने का एकमात्र उपाय पेड़-पौधे हैं।

### हिन्दू कॉलेज की ममता प्रीती को मिली छात्रवृत्ति

**सोनीपत।** हिन्दू गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ममता और प्रीती ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन्हें कैडेट वैल्फेयर सोसायटी द्वारा छः हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। कॉलेज की एनसीसी अधिकारी नीतू ने बताया कि इन प्रतिभाशाली कैडेट्स का चयन गत वर्ष नवंबर माह में 12 हरियाणा बटालियन द्वारा शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर किया गया था।

### नेटबॉल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 5 पदक

**खरखौदा।** जिला सोनीपत स्कूली गर्ल्स नेटबॉल चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर 5 स्वर्ण पदक जीते। इस उपलब्धि के साथ ही विजेता खिलाड़ियों का चयन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए किया गया।

## ब्राइटवेज इंटरनेशनल स्कूल में खंड स्तरीय कला उत्सव

# शास्त्रीय एकल संगीत में हिमांशी सैनी अव्वल रही

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन जरूरीः समिति

### कहानी वाचन में कल्पना चावला विद्यापीठ खरखौदा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

ब्राइटवेज इंटरनेशनल स्कूल में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगे चित्रों, रचनात्मक कलाकृतियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी करके अपनी-अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चित्रकला, शिल्पकला, लोकनृत्य, नाटक, एकल गायन, समूह गायन तथा पोस्टर मेकिंग, कहानी वाचन जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। ब्राइटवेज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने संगीत समूह में (प्रथम स्थान) शास्त्रीय एकल संगीत में हिमांशी सैनी ने (प्रथम स्थान) संगीत वाद्य यंत्र में प्रथम स्थान पीएसएम स्कूल खरखौदा ने डांस में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किढ़ौली ने प्रथम स्थान, डांस समूह में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरखौदा ने प्रथम, चित्रकला में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरमाना ने प्रथम और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरखौदा ने प्रथम नाट्यशाला और कहानी वाचन में कल्पना चावला विद्यापीठ खरखौदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर की अध्यक्षा किरण तथा विद्यालय की उप प्रधानाचार्या किरण जून ने विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी इस आयोजन की सराहना करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।



खरखौदा। कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में डॉली प्रथम

**सोनीपत।** राजकीय महिला कालेज रोहतक में आयोजित अंतर कालेज प्रतियोगिताओं के तहत दो स्पर्धाओं में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने सफल प्रदर्शन किया। इसके लिए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। प्रतियोगिताओं की संयोजक प्राध्यापिका एवं साइंस फैकल्टी की डीन डा. अनीता सैनी ने बताया कि राजकीय महिला कालेज रोहतक में 25 अगस्त को अंतर कालेज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीवीएम की बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा डॉली ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# ककरोई रोड की मरम्मत का रास्ता साफ, जल्द जारी होगा टेंडर : मेयर

- पीडब्ल्यूडी ने निगम को सड़क की मरम्मत के लिए जारी की एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लंबे समय से खराब पड़ी ककरोई रोड के मरम्मत कार्य को लेकर जारी गतिरोध आखिरकार समाप्त हो गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने नगर निगम को सड़क की मरम्मत के लिए अनुमति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के निर्देश दे दिए हैं।

विभाग की ओर से 25 अगस्त को पत्र संख्या 526-आर-24/118281 के माध्यम से 3100 मीटर से 3687 मीटर तक की सड़क की मरम्मत की अनुमति दी गई है। अब नगर निगम इस सड़क की मरम्मत के लिए टेंडर जारी करेगा। कई वर्षों से यह सड़क सीवरेज ट्रीटमेंट की लाइन डालने के कारण बदहाल पड़ी थी, जिससे लगभग 15 गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग ने पहले 35 लाख रुपये का टेंडर भी जारी किया था, लेकिन किसी भी ठेकेदार ने काम लेने में रुचि नहीं दिखाई।

### सबसे बड़ी बाधा थी हस्तांतरण

इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा यह थी कि पीडब्ल्यूडी पूरी सड़क को नगर निगम को हस्तांतरित करने पर अड़ा हुआ था, जबकि निगम इसे लेने के पक्ष में नहीं था। अब एनओसी जारी होने से यह विवाद खत्म हो गया है। निगम जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा और इसके पूरा होते ही मरम्मत कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। इस काम पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आएगी।



गोहाना। बीपी मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### बीपी मंडल की जयंती मनाई

**गोहाना।** सोमवार को गांव वजीरपुरा की चौपाल में बीपी मंडल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पिछड़े वर्ग के लोगों ने सरकार से दलितों की तरह राजनीति में पंचायत मेंबर से लेकर लोकसभा तक 27 फीसद आरक्षण की मांग की। इसके साथ ही पिछड़े वर्ग के लोगों ने चपरासी से लेकर डीसी तक की सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण मांगा। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह डांगी ने कहा कि 1979 में भारत सरकार ने बीपी मंडल की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया। आयोग में अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की कि केंद्र की नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसद सीट आरक्षित की जाएं। 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिश को लागू करने का फैसला किया।

### तीन माह सजा व भूमि की नीलामी करने का आदेश

**खरखौदा।** खरखौदा न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश सुनाते देनदार को तीन महीने की सिविल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही उसकी जमीन की सार्वजनिक नीलामी करने का भी आदेश दिया गया है। यह मामला वीरेंद्र सिंह बनाम नरेंद्र से जुड़ा हुआ है। वीरेंद्र सिंह के अधिवक्ता अमित ने बताया कि वर्ष 2016 में उनके मुवक्किल ने नरेंद्र को 20 लाख रुपये की राशि दी थी और बदले में नरेंद्र ने अपनी जमीन गिरवी रखी थी। तय समय पर जब राशि वापस नहीं की गई, तो मामला अदालत में पहुंचा। वर्ष 2024 में अदालत ने आदेश दिया कि देनदार ब्याज सहित रकम लौटाए, लेकिन इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। इस पर दोबारा न्यायालय की शरण लेने के बाद अब खरखौदा अदालत के न्यायाधीश विक्रांत ने आदेश दिया कि देनदार को 3 महीने की सिविल जेल में रखा जाएगा। हालांकि, यदि इस बीच वह बकाया राशि चुका देता है तो उसे जेल से रिहा कर दिया जाएगा। अदालत ने देनदार की गिरवी रखी गई 6 कनाल 19 मरला कृषि भूमि जमीन को नीलामी के जरिए बेचकर डिक्री की राशि वसूलने का आदेश भी दिया है।

### महान क्रांतिकारी राजगुरु को किया नमन

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा सोमवार को देश के महान वीर क्रांतिकारी राजगुरु के 117वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने राजगुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। ग्रामीणों ने समारोह में शहीदों के सम्मान में भारत माता की जय के नारे भी लगाए जिससे गांव की गलियां गूंज उठी। समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र सिंह ने कहा कि देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के लिए देश के बहुत से क्रांतिकारियों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। देश के इन्हीं शहीदों में राजगुरु भी एक थे जिन्होंने वर्ष 1928 में अंग्रेजी हुकूमत से देश के प्रसिद्ध क्रांतिकारी लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लिया था। उनका पूरा नाम शिव राम हरि राजगुरु था। उनका जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे महाराष्ट्र में हुआ था। 6 वर्ष की आयु में ही अपने पिताजी के देहांत के बाद वह विद्या अध्ययन के लिए वाराणसी चले गए थे।



गोहाना। क्रांतिकारी राजगुरु को नमन करते समिति के सदस्य व ग्रामीण।



शिवनगरी धनाना में कार्यशाला को संबोधित करते प्रदीप सांगवान।

### भाजपा का मकसद देश को आत्मनिर्भर बनाना

**गोहाना।** सोमवार को भाजपा मुंडलाना मंडल के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला गांव शामड़ी में और कथूरा मंडल की कार्यशाला गांव धनाना में आयोजित की गई। गांव शामड़ी में भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और शिवनगरी धनाना में भाजपा के बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने कार्यशाला को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनोत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। लोग योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का इस दिशा में विशेष योगदान है। वे लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। प्रदीप सांगवान ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। कार्यकर्ता लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनें और सूची तैयार करके सरकार तक पहुंचाएं। इन कार्यक्रमों में भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, जितेंद्र शर्मा, एडवोकेट ओमवीर वत्स, मंडल प्रभारी बलराम मौजूद रहे।

### रक्तदान कर मानवता का धर्म निभाएं

**गोहाना।** ओम शांति संस्था द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने रक्तदान करके पुण्य कमाया।

शिविर का शुभारंभ नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने रिबन काटकर किया। विरमानी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह एक ऐसी सेवा है जिससे न केवल किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है अपितु इससे समाज में मानवता और सेवा की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। रजनी विरमानी ने कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान के माध्यम से मानवता का धर्म निभाएं। उन्होंने ओम शांति संस्था की इस सेवा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में नगर पार्षद भगवती राजपाल, जस्सी खुराना, बीके मोनिका दीदी और सतीश सरदाना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



गोहाना। रक्तदाता को बैज लगाते चेयरपर्सन रजनी विरमानी।



खरखौदा। विद्यार्थियों को संबोधित करते डॉ कीर्ति खत्री।

### स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत : खत्री

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय, पीपली की प्लेसमेंट सेल द्वारा उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के नेतृत्व व इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। इस व्याख्यान में डॉ. कीर्ति खत्री ने मुख्य वक्ता के रूप में वोकल फॉर लोकल की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने एवं उद्यमिता की ओर प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. रजनेश, डॉ. संगीता मान, राजेश दलाल व परमजीत उपस्थित रहे।



सोनीपत। विद्यार्थियों के साथ उपायुक्त व निगम आयुक्त। फोटो :हरिभूमि

### शिविर से सीखा प्रशासनिक प्रबंधन

**सोनीपत।** पीएम-श्री स्कूल के छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनुभव अर्जित किया। उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में आयोजित समस्या समाधान शिविर में छात्रों ने जाना कि आमजन की शिकायतें कैसे दर्ज होकर संबंधित विभागों तक पहुंचाई जाती हैं और मौके पर उनका समाधान किया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि पीएम-श्री स्कूल नई शिक्षा नीति के तहत नवाचार, नेतृत्व और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। छात्रों को कमजोर विषयों में विशेष कक्षाएं, स्मार्ट लैब, बाल संसद, मीना मंच जैसे अवसर दिए जा रहे हैं। खेल, कला और संगीत में प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसीपी प्रदीप मोर सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## गांव जाट जोशी में पंचायत, मंदिर नोटिस के विरोध और बस अड्डे को लेकर बनी रणनीति

- बस अड्डे के नाम के साथ गांव जाट जोशी का नाम जोड़ा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जाट जोशी में सोमवार को पंचायत आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महेंद्र फौजी ने की। पंचायत में दो प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। पहला विषय राठधना गांव के शिव रामेश्वर मंदिर को गिराने के लिए नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस का विरोध करना और मंदिर का समर्थन करना था। दूसरा विषय गांव जाट जोशी की पंचायती जमीन पर बन रहे बस अड्डे को लेकर आवश्यक मांगें तय करना और उन्हें सरकार से पास करवाने के लिए आगे की रणनीति बनाना था। बस अड्डे को लेकर पंचायत में विचार-विमर्श के बाद तीन मांगें तय की गईं। पंचायत ने निर्णय लिया कि इन मांगों को लेकर विधायक कृष्णा गहलावत, परिवहन मंत्री अनिल विज और नगर निगम मेयर राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगें न माने जाने पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन का ऐलान भी किया गया। मंदिर के समर्थन में संगठन विश्व हिंदू परिषद, धर्म प्रसार प्रमुख, विधि प्रकोष्ठ, गोरक्षा विभाग, रक्षक सेना, रामराज सेवा समिति, हिंदू सेना परिषद, जन सेवा परिषद संगठनों के प्रतिनिधियों में पवन आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। पंचायत के दौरान मौजूद गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता।

### कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न

**गोहाना।** सोमवार को भाजपा गोहाना मंडल की कार्यशाला शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित ब्रह्म भवन में आयोजित हुई। कार्यशाला चार सत्रों में सम्पन्न हुई। इसमें कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम बारे आवश्यक चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। संयोजन भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल का रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मबीर नांदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देश को नई दिशा मिल रही है। पार्टी का हर कार्यकर्ता कार्यक्रम को अवश्य सुने। यह कार्यक्रम देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में मिल का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यशाला में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजू विरमानी, जिला उपाध्यक्ष जगवीर जैन, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, महावीर गुप्ता, डॉ. रमेश कश्यप, बलराम कौशिक, कुलदीप कौशिक, बिजेंद्र खीची, राजकुमार वाल्मीकि, सूरजमल शर्मा, महेंद्र चिड़ाना, प्रवीण कपूर, अनीता जिंदल, नरेश देवी, प्रसन्नी मालिक, शेर सिंह बेडवाल, राजू खन्ना और मुकेश रोहिल्ला मौजूद रहे।

**मुहूर्त** निर्जला व्रत रखने से सुख-समृद्धि, संतान सुख और मनचाहा जीवनसाथी मिलेगा

# अखंड सौभाग्य की कामना के लिए आज रखा जाएगा हरतालिका तीज का व्रतः मिश्रा

- उदया तिथि के अनुसार, व्रत और पूजा 26 अगस्त को की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखंड सौभाग्य और दांपत्य जीवन में सुख-शांति की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत करती हैं। यह व्रत इस बार 26 अगस्त, मंगलवार को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा कर निर्जला व्रत रखने से सुख-समृद्धि, संतान सुख और मनचाहा जीवनसाथी का आशीर्वाद मिलता है। अविवाहित कन्याएं भी अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करती हैं। आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से शुरू होकर 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, व्रत और पूजा 26 अगस्त को की जाएगी। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष जैसे चार शुभ योग बन रहे हैं, जिससे व्रत का महत्व और बढ़ गया है। हरतालिका तीज पर पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 5:56 से सुबह 8:31 तक रहेगा।

### हरतालिका तीज का महत्व और कथा

धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। उन्होंने हिमालय की गुफाओं में जाकर कई वर्षों तक निर्जल उपवास किया। उनकी कठोर साधना और अटल संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। इसी तपस्या की स्मृति में हर साल यह व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन पूरे नियमों के साथ व्रत करने से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है, जबकि अविवाहित कन्याओं को योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति होती है।



### तीज के प्रमुख मंत्र

हरतालिका तीज के प्रमुख मंत्र
देवी पार्वती का मंत्र : ऊं उमयेए पर्वतयेए जग्दयेए जगत्प्रथिस्थयेए स्हन्तिरुपयेए स्हिवयेए ब्रह्म रुप्नियेए" शिव मंत्र : ऊं ह्रयेए महेस्हअरयेए स्हम्भवे स्हुल पद्येए पिनक्धस्हे स्हिवये पस्हुपतये महदेवयअ नमह"



सोनीपत। एडीसी कार्यालय पहुंचे जिला पार्षद एवं ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### आवास योजना की पहली किस्त अटकी

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 228 परिवारों को मिलने वाली पहली किस्त आधार कार्ड वेरीफिकेशन न होने के कारण अटकी हुई है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सोमवार को एडीसी कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारी से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों के आधार कार्ड वेरीफाई न होने के चलते किस्त जारी नहीं की गई है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी कमी का खामियाजा गरीब परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। कई मकान खंडहर बन चुके हैं, जबकि दूसरे सर्वे में भी कई परिवारों के नाम छूट गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना की दूसरी किस्त भी अब तक कई लाभार्थियों को नहीं मिली है। लगातार बारिश के कारण कई परिवारों के मकान अधूरे पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार मांग करने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही।


सोनीपत। एचएच 334 बी पर सुनसान सीएनजी स्टेशन।

## जिले में सीएनजी आपूर्ति को धीरे-धीरे वापस पटरी पर लाने की कोशिश, प्रेशर कम फिर भी वाहन चालकों को मिलेगी राहत

# चार स्टेशनों पर आधी रात से सुबह 6 बजे तक मिलेगी सीएनजी, वैकल्पिक व्यवस्था की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लंबे इंतजार और परेशानी के बाद आखिरकार जिले के वाहन चालकों को सीएनजी संकट से राहत मिलने लगी है। गैल गैस कंपनी ने अपनी क्षतिग्रस्त मुख्य पाइपलाइन की मरम्मत पूरी होने तक वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था शुरू कर दी है। अब जिले के चार प्रमुख पंपों पर देर रात से सुबह तक सीएनजी की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि अभी प्रेशर कम रहने और सीमित समय के कारण पंपों पर भीड़ लग रही है, लेकिन आमजन को पेट्रोल-डीजल पर अतिरिक्त खर्च से बड़ी राहत मिली है। यमुना नदी से गुजर रही गैल गैस कंपनी की मुख्य पाइपलाइन 18 अगस्त को यमुना में जलस्तर बढ़ने से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते जिले के सभी सीएनजी स्टेशनों पर सप्लाई ठप हो गई थी। चार दिन से अधिक समय तक सीएनजी न मिलने से निजी वाहनों से लेकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट तक ठप पड़ गया। ऑटो-रिक्शा चालक और टैक्सी ऑपरेटर पेट्रोल-डीजल पर भारी खर्च कर मजबूरन गाड़ियां चला रहे थे। कंपनी अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर ऊंचा होने के कारण पाइपलाइन मरम्मत का काम फिलहाल संभव नहीं है, ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

### पाइपलाइन की मरम्मत तक जारी रहेगी व्यवस्था

राष्ट्रीय सीएनजी स्टेशन यूनियन के अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने बताया कि शुरुआत में पंपों पर रोटेशन के हिसाब से सीएनजी देने का विचार था, लेकिन बढ़ती परेशानी को देखते हुए रोजाना आपूर्ति का निर्णय लिया गया है। अभी आपूर्ति का समय छह से आठ घंटे है, जिसे स्थिति सामान्य होने पर धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा।

### पंपो पर लगी लंबी कतारें

कंपनी की योजना के तहत फिलहाल चार प्रमुख पंपों पर मध्यरात्रि से सुबह छह बजे तक सीएनजी की आपूर्ति की जा रही है। जरूरत पड़ने पर समय को और बढ़ाया जाएगा। आपूर्ति के दौरान प्रेशर केवल 14 तक ही पहुंच पा रहा है, जिससे एक समय में केवल एक कंप्रेशर ही काम कर रहा बावजूद देर रात से तड़के तक पंपों पर गाड़ियों की कतारें लग रही हैं और वाहन चालक राहत महसूस कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शनि मंदिर अंडरब्रिज पर 24 घंटे कर्मियों की तैनाती

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने सोमवार को शनि मंदिर अंडरब्रिज का दौरा कर बरसात के दौरान की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बरसात में अंडरब्रिज पर पानी भरने की स्थिति में हादसों से बचाव के लिए यहां 24 घंटे नगर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी, जो वाहन चालकों को अंडरब्रिज का उपयोग न करने की जानकारी देंगे। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि अंडरब्रिज पर पंपों की व्यवस्था के साथ जलभराव हटाने के त्वरित प्रबंध किए गए हैं।

### मुगलपुरा में पुराने मकान के कमरे की छत ढही

**गोहाना।** शहर के मुगलपुरा में पुराने मकान के एक कमरे की छत ढह गई। कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया। घटना के समय कमरे में कोई नहीं था, जिससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। मुकेश कालड़ा ने बताया कि उनका मकान लगभग 35-40 साल पुराना है। कड़ियों की छत है, जो कमजोर हो चुकी थी। मुकेश के अनुसार वर्षा में छत की मिट्टी भीग गई और भार बढ़ गया। एक कमरे की छत गिर गई। कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया।

### खेत में स्प्रे करते समय जहरीला पदार्थ चढ़ा

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव में खेत के अंदर स्प्रे करते व पानी पीने से किसान की तबीयत खराब हो गई। सूचना मिलने के बाद परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का

### नफे सिंह ने गोशाला में दिया 1 लाख का दान

**गन्नौर।** श्री गोशाला में रविवार को गांव शेखपुरा निवासी नफे सिंह रापड़िया ने अपनी नेक कमाई से 1 लाख रुपये का दान देकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। नफे सिंह दिल्ली पुलिस से थानेदार पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि गौ सेवा करना उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है और समाज में ऐसे कार्यों से ही सकारात्मक संदेश फैलता है। गोशाला प्रधान कृष्ण राठी ने नफे सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग गोशाला के संचालन व गायों की देखभाल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## 650 से अधिक मरीज खाली हाथ लौटे, लोगों में अस्पताल प्रबंधन के प्रति रोष

# नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक न मिलने से परेशानी

**अस्पताल में दो हजार से ज्यादा ओपीडी रजिस्ट्रेशन**

*ईएनटी, स्किन और हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत चार प्रमुख डॉक्टर अनुपस्थित रहे, मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा और अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठने लगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन स्पेशलिस्ट चिकित्सक न मिलने से लोगों को इलाज के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब 650 मरीज ओपीडी में पहुंचे, लेकिन ईएनटी, स्किन और हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत चार प्रमुख डॉक्टर अनुपस्थित रहे। मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा और अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठने लगे। बता दें कि नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में दो हजार से ज्यादा ओपीडी रजिस्ट्रेशन है। सोमवार को अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की भीड़ देखने को मिली। वहीं सोमवार को ईएनटी विभाग का डॉक्टर कोर्ट ड्यूटी पर था, स्किन विशेषज्ञ छुट्टी पर रहे, हड्डी रोग विशेषज्ञ ओटी ड्यूटी में व्यस्त रहे, वहीं फिजिशियन डॉ. संदीप शर्मा कैंसर इलाज संबंधी ट्रेनिंग के लिए रोहतक गए हुए थे। ऐसे में चारों विभागों की ओपीडी में मरीजों की आवाजाही रही। सामान्य दिनों में मंगलवार से शुक्रवार तक इन तीनों विभागों में औसतन 550 मरीज पहुंचते हैं, जबकि रविवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को संख्या बढ़कर करीब 650 हो गई। लेकिन मरीजों को चिकित्सक न मिलने से निराश होना पड़ा।



### मरीजों की संख्या 550 से बढ़कर 650 पहुंची

### हाल हड्डी विभाग में भी चिकित्सक की कमी खल रही

प्रशासनिक ड्यूटी चिकित्सकों को करनी होती है। ईएनटी अस्पताल में एक ही है। वहीं हाल हड्डी विभाग में भी चिकित्सक की कमी खल रही है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है। ताकि अस्पताल में बेहतर उपचार मरीजों को मिल सके।

-डा. संदीप लठवाल,
मीडिया नोडल अधिकारी
नागरिक अस्पताल।

### सोमवार को लगी लंबी कतारें

ओपीडी में चिकित्सकों के न होने से इलाज के लिए आए मरीजों ने कहा कि रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को भारी संख्या में लोग अस्पताल का रुख करते हैं, लेकिन अगर इस दिन ही स्पेशलिस्ट चिकित्सक अनुपस्थित रहेंगे तो मरीजों को भारी दिक्कत होगी।

### मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही

बारिश के बाद वायरल बुखार, त्वचा संबंधी रोग, गले और सांस की समस्याओं वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्पेशलिस्ट चिकित्सक न मिलने से पीड़ितों की परेशानी और बढ़ गई। अस्पताल प्रबंधन को शेड्यूल बनाते समय मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए।


गन्नौर। प्रणव सिंघल को बधाई देते उनके माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्य।

### प्रणव सिंघल ने जेआरएफ परीक्षा में 99.61 प्रतिशत अंक किए प्राप्त

**गन्नौर।** बीएसटी कालोनी निवासी प्रणव सिंघल ने जेआरएफ परीक्षा में 99.61 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पहले ही प्रयास में मिली इस बड़ी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। स्वजन ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और पड़ोसियों व रिश्तेदारों ने प्रणव को बधाई दी। प्रणव ने बताया कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता प्रवीण सिंघल व मां पूनम सिंघल और शिक्षकों को दिया, जिन्होंने हमेशा मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। प्रणव के पिता समाजसेवी प्रवीण सिंघल ने बताया कि उनका बेटा हमेशा पढ़ाई के प्रति समर्पित रहा है और आज उसकी मेहनत रंग लाई है।


गोहाना। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए डीसीपी भारती डबास व अन्य।

### रक्तदान करना हमारी जिम्मेदारी : भारती

**गोहाना।** सोमवार को गांव बरोदा स्थित बाबा गोसाई वाले मंदिर में वार्षिक मेल के दौरान साध सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 67 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर की मुख्य अतिथि गोहाना की डीसीपी भारती डबास ने कहा कि रक्तदान हमारी सामाजिक जिम्मेवारी है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। ऐसे में हर मनुष्य का यह सामाजिक और नैतिक दायित्व बनता है कि वह अपनी इस जिम्मेवारी को अवश्य निभाए। यह एक ऐसी सेवा है जिससे हम किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गांव आहुलाना के सरपंच कुलदीप व बरोदा सरपंच के प्रतिनिधि पीलू प्रधान थे। संयोजन मलिक राज मलिक, विकास मोर व उधम मोर ने किया। अध्यक्षता डॉ. युद्धवीर खासा व डॉ. जगविंद्र मोर ने की। शिविर में सुदेश खासा, मनीषा खासा, सोनिया, इंदिरा, सावित्री फौगाट, जगमोहन जांगड़ा व अन्य लोगों ने रक्तदान किया।


गन्नौर। चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ स्कूली छात्र।

### नेत्रदान, अंगदान, देहदान और रक्तदान को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा माडर्न कान्वेंट स्कूल, गार्गी गुरुकुल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता नेत्रदान, अंगदान, देहदान और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना के उद्देश्य से हुई। जिसमें 81 बच्चों ने भाग लिया और उत्कृष्ट कलाकारी व स्लोगन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में संपन्न हुई। सीनियर वर्ग में नेत्रदान विषय पर चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, स्वामी चेतना स्कूल द्वितीय और गार्गी गुरुकुल तृतीय रहे। रक्तदान में ज्ञानदीप स्कूल प्रथम, चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल द्वितीय और प्रयास इंटरनेशनल व नवज्योति शिक्षा सदन तृतीय स्थान पर रहे। अंगदान-देहदान विषय पर नवज्योति शिक्षा सदन प्रथम व द्वितीय तथा स्वामी चेतना स्कूल और बाल भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। अंगदान-देहदान में गायत्री विद्यापीठ प्रथम, चाइल्ड केयर इंटरनेशनल द्वितीय और चाइल्ड केयर पब्लिक व गायत्री विद्यापीठ तृतीय रहे। नेत्रदान विषय पर हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल प्रथम रहा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बच्चों को अंगदान व रक्तदान की जानकारी दी। निर्णायक मंडल में कार्टूनिस्ट कुलभूषण अरोड़ा, आर्टिस्ट विकास भगवती व प्रेम सपड़ा शामिल रहे।

# राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को दिया मंत्र

- सोनीपत से शहरी अध्यक्ष कमल दिवान व ग्रामीण अध्यक्ष संजीव दहिया ने लिया भाग
- गुटबाजी खत्म करने के निर्देश, जल्द गठित करें अपनी कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली के इंदिरा भवन में रविवार को देरशाम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यशाला में राहुल गांधी ने हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्षों को कई निर्देश देते हुए अनुशासन और गुटबाजी खत्म करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बूथ, मंडल और ब्लाक लेवल की कार्यकारिणी जल्द ही गठित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को आमजन तक ले जाने के लिए जिला अध्यक्ष कोई कसर नहीं छोड़ें। कार्यशाला में सोनीपत से शहरी अध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण संजीव दहिया भी मौजूद रहे। शहरी अध्यक्ष कमल दिवान ने बताया कि दिल्ली में हुए संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा और मध्यक्ष प्रदेश के जिला अध्यक्षों को पार्टी को मजबूत करने और नीतियों को प्रसारित करने की सीख दी। राहुल गांधी ने कहा कि अब पार्टी में गुटबाजी के लिए कोई स्थान नहीं है। दउन्होंने कहा कि बूथ, मंडल और ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणियों का जल्द ही गठन किया जाए। सभी जिलाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी पार्टी को मजूबत करते हुए नीतियों को जनता के बीच प्रसारित करें और हर रोज कोई न कोई गतिविधियां करते हुए लोगों के बीच उपस्थिति दर्ज करवाते रहें। जिलाध्यक्षों की एनओसी के बिना पार्टी के टिकट घोषित नहीं किए जाएंगे।



सोनीपत। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान, संजीव दहिया एवं अन्य।

### जय कांग्रेस, विजयी कांग्रेस का दिया नारा

कार्यशाला में राहुल गांधी ने सभी जिलाध्यक्षों के समक्ष नया नारा जय कांग्रेस, विजयी कांग्रेस दिया। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर इस नारे को सार्थक करें। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पार्टी की गतिविधियों का रोजाना उल्लेख करें। उन्होंने गुटबाजी को खत्म करने के लिए सभी नेताओं के लिए आदेश जारी किया कि सभी वरिष्ठ नेता और पार्टी के पदाधिकारियों के लिए पार्टी के कार्यक्रमों व गतिविधियों में शामिल होना जरूरी है।


गन्नौर। छात्रा तेजस के साथ प्रधानाचार्या अनीता यादव।

### रोल-बाल प्रतियोगिता में तेजस ने पाया द्वितीय स्थान

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी की आठवीं कक्षा की छात्रा तेजस ने जिला स्तरीय रोल-बाल प्रतियोगिता अंडर-11 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 24 अगस्त को कुंडली, सोनीपत में आयोजित हुई थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तेजस का राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो सितंबर माह में रोहतक में आयोजित की जाएगी। तेजस अब राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर अभ्यास कर रही है। प्रधानाचार्या अनीता यादव ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं, जो अनुशासन और आत्मबल को मजबूत करते हैं।


सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी।

### कर्मचारियों ने सेवा सुरक्षा और लंबित मांगों के समाधान की उठाई आवाज

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन सोनीपत की सामूहिक कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को एचएसवीपी परिसर, सेक्टर-15 सोनीपत में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महावीर नागर (राज्य प्रधान, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच) ने की, जबकि संचालन टीनू मदान (राज्य महासचिव, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच) और समेश कुमार (जिला सचिव, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन) ने किया। बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई और सरकार से कई प्रस्ताव तुरंत लागू करने की मांग की गई। मुख्य वक्ता आरके नागर (प्रदेश महासचिव, हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच एवं प्रदेश अध्यक्ष, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन) ने कहा कि सरकार कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा की गारंटी के साथ ज्वाइनिंग दे। कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को निगम में शामिल किया जाए और ठेकेदारों द्वारा हटाए गए कर्मचारियों को पुनः सेवा में लिया जाए।

**मांग** | विधायक कादियान ने सदन में उठाए गन्नौर के बड़े मुद्दे

# गन्नौर को मिले नगर परिषद का दर्जा विधायक ने सदन में रखी पुरजोर मांग

**कई योजनाएं अधर में लटकी, जिससे लोगों को परेशानी हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को गन्नौर के निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सदन के सामने रखा। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में जो मुद्दे उठाए गए थे, उनमें से अधिकांश पर आज तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। कई योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि गन्नौर नगरपालिका का क्षेत्रफल और आबादी तेजी से बढ़ी है। अन्य कई नगरपालिकाओं को नगर परिषद में


गन्नौर। गन्नौर के निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखते हुए।

बदला जा चुका है, ऐसे में गन्नौर को भी नगर परिषद का दर्जा दिया जाए। कादियान ने गन्नौर में बाईपास बनाने की पुरानी मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि ढाई हजार करोड़ की लागत से बन रही अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी शहर से सटी है। यहां आने-जाने वाले भारी वाहनों से जाम की स्थिति बनी रहती है। हाल ही में एसएमडीए की बैठक में बाईपास का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन बजट ज्यादा होने की वजह से मंजूरी नहीं मिल सकी। विधायक ने कहा कि गन्नौर के सरकारी अस्पताल की नई इमारत को मंजूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने सरकार से जल्द अप्रूवल देने की मांग की। साथ ही उन्होंने गन्नौर रेलवे स्टेशन पर गीता जयंती ट्रेन के ठहराव की मांग करते हुए कहा कि इससे बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ मिलेगा। कादियान ने सदन में बताया कि गन्नौर का सरकारी कॉलेज अब तीसरे सत्र में प्रवेश कर चुका है, लेकिन कॉलेज अब भी स्कूल की इमारत में चलाया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह फाइलों में अटके प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी देकर भवन निर्माण शुरू कराए।

### हर साल बारिश में शहर जलमग्न स्ट्रॉम वाटर निकासी जरूरी

विधायक ने गन्नौर शहर की जलभराव की समस्या को सबसे गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि हर बार बारिश होते ही शहर में पानी भर जाता है और हालत तालाब जैसे हो जाते हैं। इस मुद्दे को वे पहले भी उठा चुके हैं। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर कुछ काम शुरू हुआ है, लेकिन उसकी गति धीमी है। उन्होंने मांग की कि स्ट्रॉम वाटर निकासी के कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि अगली बरसात से पहले राहत मिल सके।